






- **पढ़ो, समझो और लिखो :**

## १४.(अ) हम अलग – रूप एक

| | | | |
|---|---|---|---|
|  टंकी |  शंख |  पतंग |  कंघी |
|  कंचा |  पंछी |  जंजीर |  झंझावात |
|  घंटा |  डंठल |  डंडा |  पंढरपुर |
|  संतरा |   ग्रंथ |  संदूक |  कंधा |
|  चंपा |  गुंफन |  कंबल |  खंभा |

❑ क,च,ट,त,प, वर्ग के पंचमाक्षर ङ,ञ,ण,न,म हैं । ये अपने ही वर्ग के शेष चार वर्णों में से किसी भी वर्ण से मिले तो अनुस्वार इनके पहले वाले वर्ण पर लगता है । उदा.– शंख (शङ्‌ख), 'क' वर्ग का पंचमाक्षर 'ङ' वर्ण 'ख' से मिले तो अनुस्वार पहले वर्ण 'श' पर लगता है । इसी प्रकार – पंछी, डंडा, कंधा, चंपा आदि । पंचमाक्षरयुक्त शब्दों का सामूहिक अनुकरण एवं मुखर वाचन करवाएँ । प्रत्येक विद्‌यार्थी को मौन वाचन करने का अवसर दें । उनसे पंचमाक्षर के प्रयोग पर चर्चा करें एवं समझाएँ । पाठ्‌यपुस्तक में आए हुए पंचमाक्षरयुक्त शब्दों को ढूँढ़ने के लिए कहें और उनका लेखन करवाएँ ।

## ● पढ़ो और अनुलेखन करो :

# (ब) छुक-छुक गाड़ी







रविवार का दिन था । पाठशाला में छुट्‌टी थी । आसपास के बच्चे इकट्‌ठे हो गए । वर्ष उनमें सबसे बड़ा था । उसने कहा, "चलो, छुक-छुक गाड़ी खेलते हैं ।" सभी बच्चे उछल पड़े । वर्ष ने कहा, "पहले मैं हाजिरी लूँगा । सभी एक, दो, तीन बोलो ।" हाजिरी में एक से चौबीस तक उपस्थित थे । वर्ष बोला, "मेरा क्रमांक पच्चीस हुआ । अब मैं सबको संख्या के अनुसार नाम दूँगा । सभी एक पंक्ति में खड़े हो जाओ ।" उसने निम्न प्रकार से नाम दिए :

एक-चैत्र, आठ-कार्तिक, पाँच-श्रावण, दो-वैशाख, सात-आश्विन, चार-आषाढ़, अठारह-आग्नेय, छह-भाद्रपद, दस-पौष, पंद्रह-नैऋत्य, इक्कीस-पश्चिम, बाईस-उत्तर, तेईस-दक्षिण, सत्रह-वायव्य, नौ-अग्रहायण, बारह-फाल्गुन, तीन-ज्येष्ठ, सोलह-ईशान्य, चौदह-आकाश, ग्यारह-माघ, तेरह-इंद्रधनुष, उन्नीस-बादल, चौबीस-धरती, बीस-पूर्व ।

वर्ष इंजन बन गया । सभी बच्चे उलटे क्रम से अपना क्रमांक और नाम बोलते हुए इंजन के पीछे जुड़ते गए । बाद में छह बच्चे और जुड़ गए । इस तरह शुरू हो गया-छुक-छुक गाड़ी का खेल । तुम सब भी छुक-छुक गाड़ी का खेल खेलो । यह खेल गरमी, वर्षा, सरदी हर मौसम में खेल सकते हो ।

**लिखो :**

१. सप्ताह के नाम ।
२. महीनों के नाम ।
३. ऋतुओं के नाम ।
४. एक से पच्चीस तक की गिनती अंकों में ।





❑ पाठ का उचित उच्चारण के साथ वाचन करें । एक- एक परिच्छेद का अनुलेखन और श्रुतलेखन कराएँ । एक से पच्चीस तक के अंकों को अक्षरों में लिखने हेतु प्रेरित करें । विद्यार्थियों से बाद में आए छह बच्चों के नाम ऋतुओं के आधार पर रखवाएँ ।